**Regarding establishment of CNG stations and supply of CNG in Badaun Parliamentary Constituency-laid**

**डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं):** मैं अपने लोकसभा क्षेत्र बदायूँ के बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं, हमारी लोकसभा बदायूं में पेट्रोल पंप पर सीएनजी स्टेशन लगाने का कार्य एचपीसीएल ( हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन) द्वारा किया जा रहा है । एचपीसीएल द्वारा पेट्रोल पंपों पर सीएनजी स्टेशन पहले स्वयं की कंपनी के पेट्रोल पंपों पर किया जाता हैं अन्य कम्पनियों बीपीसीएल व आईओसीएल की कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर सीएनजी स्टेशन पर बहुत कम लगाए जा रहे हैं व कार्य भी बहुत शिथिलता के साथ किया जा रहा है । अन्य कम्पनियों के जिन पेट्रोल पंपों पर सीएनजी स्टेशनों की स्थापना हो चुकी है वहा सीएनजी भी एचपीसीएल द्वारा बहुत कम मात्रा में उपलब्ध कराई जाती है जिससे आम जनमानस जिस पर सीएनजी वाहन है उनको अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता हैं । अतः जनहित को ध्यान में रखते हुए बदायूं में सीएनजी की आपूर्ति बढ़ाने को एचपीसीएल को निर्देशित करने व बीपीसीएल, आईओसीएल पंपों पर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का कष्ट करें जिससे बदायूं को लोगो को दिक्कत का सामना न करना पड़े ।